पत्रांक–बि0क0च0आ0–प्र0–03 / परीक्षा–72 / 2016 (खंड–2)............

बिहार कर्मचारी चयन आयोग,

पो0–वेटनरी कॉलेज, पटना–14

आवश्यक सूचना

ज्ञापांक–715/आ0   पटना, दिनांक–20.3.2020

विज्ञापन संख्या–06060114, प्रथम इंटर स्तरीय संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा–2014 में योग्य पाये गये अभ्यर्थियों से दिनांक–28.03.2020 तक ऑनलाईन आवेदन प्राप्त किये जा रहे हैं। उक्त परीक्षा में योग्य पाये गये ऐसे अभ्यर्थी, जिनके द्वारा प्रारंभिक परीक्षा में भरे गये ऑनलाईन विवरणी से भिन्न विवरणी यथा–फोटो, हस्ताक्षर, लिंग, पता, नाम, पिता का नाम आदि दिख रहा है, उन्हें सूचित किया जाता है कि वे अभ्यावेदन के साथ आवश्यक कागजातों यथा–प्रारंभिक परीक्षा के ऑनलाईन आवेदन, प्रवेश पत्र एवं मान्यता प्राप्त पहचान पत्र की छायाप्रति संलग्न करते हुए स्पीड पोस्ट / निबंधित डाक से इस प्रकार भेजे कि अभ्यावेदन दिनांक–05.04.2020 तक प्राप्त हो जाय।

निर्धारित तिथि तक अभ्यावेदन प्राप्त नहीं होने की स्थिति में उनकी विवरणी में वांछित सुधार नहीं हो सकेगा। मुख्य परीक्षा या उसके बाद काउंसिलिंग में ऐसे तथ्य ज्ञात होने पर उनका अभ्यर्थित्व रद्द किया जा सकता है, जिसके लिए आयोग जिम्मेवार नहीं होगा। निर्धारित तिथि या अन्य किसी माध्यम से प्राप्त अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

19/3/20

सचिव

बिहार कर्मचारी चयन आयोग, पटना।